ADFACTORS PR
Knowledge-driven communications

Published Date:	10 Aug 2018	Publication:	Estate Express (Hindi)
Edition:	Indore	Page No:	3
MAV/CCM:	2664/6.66	Circulation:	7000

टीसीएस आईटी विज़ २०१८ के इंदौर संस्करण की शुरूआत २४ अगस्त को

इंदौर। आईटी सेवा, परामर्श एवं व्यवसाय समाधान में अग्रणी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने आज घोषणा की है कि स्कूलों के लिये भारत के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी क्विज टीसीएस आईटी विज़ २०१८ के इंदौर संस्करण का आयोजन शुक्रवार, २४ अगस्त को यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, आईआईपीएस के पास, डीएवीवी यूनिवर्सिटी कैम्पस, खंडवा रोड़, इंदौर में किया जाएगा।

इस आयोजन में कक्षा ८ से १२ तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक संस्थान अधिकतम ८ टीमें भेज सकता है और प्रत्येक टीम में दो सदस्य होंगे। इसके लिये कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। टीसीएस आईटी विज़ २०१८ का आयोजन भारत के १२ शहरों में होगा- अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, मुंबई, नागपुर और पुणे।

इच्छुक संस्थानों द्वारा प्रविष्टियाँ शुक्रवार, १७ अगस्त, २०१८ को या इससे पहले क्विज कोऑर्डिनेटर, टीसीएस आईटी विज़, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मैचबॉक्स, ए २१, वसंत विहार, एसबीआई के पीछे, सत्य साई स्कूल स्क्वेयर, ए.बी. रोड़, इंदौर-४५२०१०, मध्य प्रदेश को भेजी जानी चाहिये। अधिक जानकारी के लिये संपर्क करें: ९३०२५९७०१९। आप www.tcsitwiz.com पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी कर सकते हैं।